

मैं रघु हूँ। मेरी पत्नी, सुषमा और मैं हमारे वार्ड में एक सामुदायिक शौचालय के कार्यवाहक के रूप में काम करते हैं। मुझे पता है कि हमारी तरह, आप में से कई भी इस कोविद -19 महामारी के दौरान नागरिकों को ये सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। और यही कारण है कि मैं आपको नोवेल कोरोना वायरस से बचाने के लिए कुछ सुरक्षा युक्तियां आपके साथ साझा करना चाहता हूं।

डिस्क्लेमर: ये निर्देश उनके नियमित काम के लिए कोई (एसओपी) मानक संचालन प्रक्रिया नहीं हैं, लेकिन उनका उद्देश्य स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा उठाए जाने वाले अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को उजागर करना है

## अपने काम के लिए घर से निकलने से पहले, आपको चाहिए



**1. पूरी आस्तीन और पूरी लंबाई के कपड़े पहनें**



**2. घाव पर जल रोधक बैंड ऐड लगाएं**



**3. नगरपालिका द्वारा जारी इमरजेंसी पास ले जाएं**



**4. हाथ धोने के लिए पानी और साबुन लें जाएं**



**5. दस्ताने, मास्क, एप्रन** (यदि मास्क उपलब्ध नहीं है, तो अपने नाक और मुंह को ढंकने के लिए 2-3 परतों में एक साफ कपड़े का उपयोग करें)



**6. एक जोड़ी कपड़े साथ रखे**

## जब आप कार्यस्थल पर पहुंचते हैं, तो आप अवश्य

1



कम से कम 20 सेकंड तक साबुन से हाथ धोएं

2




दस्ताने, मास्क / कपड़ा, एप्रन, जूते पहनें (पीपीई)

3



उपयोगकर्ताओं को दूरी बनाए रखने के लिए टॉयलेट ब्लॉक के बाहर सर्कल बनाएं

4




पीपीई पहनकर टॉयलेट ब्लॉक को साफ करें

5




उपयोगकर्ताओं को शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन से अपने हाथ धोने के लिए और कम से कम 4 फीट की दूरी बनाए रखने का निर्देश दें

6



दस्ताने पहन कर उपयोगकर्ता से शुल्क एकत्र करें

7




अक्सर छुई वस्तुओं और सतहों को स्वच्छ और कीटाणु मुक्त करें.

8



खाना खाने से पहले साबुन से २० सेकंड हाथ धोएं

## काम समाप्त करने के पश्चात्



पीपीई निकालें



चेहरे और हाथों को धोलें




कपड़े बदलें और सभी को एक बैग में रख दें



मास्क / कपड़ा पहनें और घर लौट आएं





परिवार में किसी से मिलने से पहले, कपड़े और पीपीई को साबुन से धोएं और उन्हें धूप में सूखे स्थान पर लटका दें

खांसी / बुखार या नाक बहने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

**आइये, सुरक्षा सुनिश्चित करके वायरस पर विजय प्राप्त करें**

सुरक्षा और स्वच्छता कार्य के लिए गरिमा | BMGF के समर्थन से अर्बन मेनेजमेंट सेंटर द्वारा| manvita@umcasia.org